

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### ऐसी प्रभावित हुई फ्लाइट

**एयर इंडिया**

1. सुबह 8.25 वाली फ्लाइट दोपहर 12.45 बजे आई
2. दोपहर 2.05 बजे वाला विमान शाम 6.14 बजे पहुंचा
3. रात 8.00 बजे वाली फ्लाइट रात 9.30 बजे लैंड हुई

**इंडिगो एयरलाइंस**

4. सुबह 8.25 वाली फ्लाइट दोपहर 3.43 बजे आई
5. दोपहर 12.15 वाला विमान दोपहर 2.52 बजे पहुंचा
6. दोपहर 1.45 बजे वाली फ्लाइट रात 7.50 बजे आई
7. दोपहर 2.05 बजे वाला विमान शाम 6.18 बजे लैंड हुआ
8. शाम 5.25 बजे की फ्लाइट रात 8.15 बजे रायपुर पहुंची

# धुंध ने बिगाड़ी विमानों की चाल, दिल्ली से आने वाली आठों फ्लाइट विलंब से पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड के सीजन में दिल्ली के ऊपर छाए कोहरे ने विमानों की रफ्तार प्रभावित कर दी है। सोमवार को वहां से रायपुर आने वाली आठों फ्लाइट का संचालन विलंब से हुआ। सुबह-सुबह लैंड होने वाली फ्लाइट दोपहर में रायपुर पहुंची और शाम आने वाला विमान रात होने के बाद लैंड हुआ। इसके अलावा गोवा, इंदौर, बेंगलुरु, मुंबई की फ्लाइट भी अपने निर्धारित समय के बजाए देर से रायपुर पहुंची। फ्लाइट की लेटलतीफी की वजह से यात्रियों को थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ठंड की शुरुआत होने के साथ सुबह के वक्त धुंध ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कोहरे की वजह से विजिबलिटी कम होने का सीधा असर वहां से संचालित होने वाले विमानों पर हुआ। दूसरे शहरों के लिए संचालित होने वाली कई फ्लाइटों को रद्द किया गया, वहीं रायपुर आने वाली फ्लाइट का संचालन देर से हुआ। दिल्ली ही एकमात्र ऐसा शहर है, जहां के लिए इंडिगो की 5 उड़ान के अलावा एयर इंडिया भी अपनी 3 फ्लाइट का संचालन ▶▶|शेष पेज 20 पर

## सुबह वाली फ्लाइट दोपहर में लैंड, शाम वाली रात में पहुंची, वापसी देर से

### इनका संचालन भी देर से

सोमवार को भोपाल की दोपहर 2.40 बजे की फ्लाइट दोपहर 3.18 बजे, मुंबई की शाम 5 बजे वाली फ्लाइट 6 बजे, इंदौर की 6.10 वाली फ्लाइट रात 10.45 बजे, गोवा की सुबह 10 बजे वाली फ्लाइट दोपहर 3 बजे, सुबह 9.30 बजे की बेंगलुरु फ्लाइट 10.30 बजे रायपुर में लैंड हुई। आगमन विलंब से होने की वजह से इनकी वापसी भी देर से हुई।



गोवा, इंदौर, बेंगलुरु, मुंबई की उड़ान भी लेट से हुई संचालित, यात्रियों को दिक्कत

### *कोहरा मामले में शनिवार को हुई थी बैठक*

*कोहरा की वजह से विमानों का संचालन प्रभावित होने और उसकी वजह से विमानतलों पर यात्रियों के बीच होने वाली आपाधापी को नियंत्रित करने रायपुर एयरपोर्ट में प्रबंधन, एयरलाइंस कंपनी सहित अन्य लोगों की बैठक हुई थी। बैठक में लेटलतीफी की अव्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए सभी लोगों की जिम्मेदारी तय की गई है।*

## खबर संक्षेप

### हेरोइन के साथ गिरफ्तार 2 को 5-5 वर्ष की सजा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों सादिका बेगम निवासी दुर्गा चौक बड़ा अशोक नगर और कश्मीर सिंह उर्फ सीरा निवासी सोनडोंगरी रोड बालाजी ग्रीन सिटी कबीरनगर को 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट रायपुर किरण थवाईत के न्यायालय में मामले में सुनवाई हुई।

### गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी को 3 साल की सजा

**रायपुर।** गांजा के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी को कोर्ट ने 3 साल कारावास एवं 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट रायपुर कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान आरोपी मनीष मैथिल निवासी बिसनखेड़ी भोपाल को 5 किलो 240 ग्राम गांजा की तस्करी का दोषी पाया गया।

### वैवाहिक सीजन और नए साल के मद्देनजर डेयरी, मिठाई दुकानों में ताबड़तोड़ छापेमारी


# मुंह मीठा कीजिए, पर संभलकर...मिठाइयों के साथ फिर एनालॉग पनीर का पहाड़ मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साल के अंतिम दिनों में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर और आसपास के इलाकों में संचालित डेयरी, मिठाई दुकानों और फूड प्रोडक्ट बनाने वाले ठिकानों पर छापेमारी की है। कार्रवाई के दौरान नववर्ष और वैवाहिक समारोह में खपाए जाने वाले 5450 किलो एनालॉग पनीर और 900 किलो कलाकंद एवं बर्फी जब्त किया है। 14 लाख 63 हजार रुपये कीमती इन खाद्य पदार्थों के ▶▶|शेष पेज 20 पर

- 5450 किलो एनालॉग पनीर और 900 किलो कलाकंद एवं बर्फी जब्त



### नष्ट कराई गई 200 किलो मिठाई

जांच के दौरान टीम को बोरियाखुर्द के गोपी डेयरी एंड स्वीट्स में 200 किलो मिठाई ऐसी मिली, जिससे मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका थी। मिठाई बिक्री के लिए खुले में रखी गई थी। दुकान संचालक को चेतावनी देने के बाद सारी मिठाई खुले स्थान में ले जाकर नष्ट कराई गई। इस संस्थान से ही 900 किलो कलाकंद और बर्फी बरामद की गई है। जांच में वह अमानक मिलने पर संस्थान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दर्जनभर की टीम

इस जांच के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने अभिहीत अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम बनाई थी। इसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी एहसान तिग्गा, बृजेन्द्र भारती, सिद्धार्थ पाण्डेय, सतीश कुमार राज, संतोष ध्रुव, रोशनी राजपूत, साधना चंद्राकर एवं नमूना सहायक राकेश घिदौडे, सुजीत मुखर्जी, निधि यादव, राजेश सोनी शामिल थे।


# कम हुई ठंड, क्योंकि एक डिग्री तक बढ़ा रात का तापमान

### तीन दिन बड़ा बदलाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हवा के पूर्व दिशा से घूमकर आने की वजह से प्रदेश में ठंड ठिठक गई है। पिछले चौबीस घंटे में रात के तापमान में एक डिग्री तक बढ़ोतरी होने की वजह से कुछ कम ठंड महसूस हुई। अगले तीन दिन मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, इसके बाद पुनः बढ़ती सर्दी का अहसास होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग के आउटर को छोड़कर अन्य हिस्से में शीतलहर जैसी स्थिति नहीं रही। दिसंबर के महीने में ठंड ने लोगों को जमकर ठिठुराया है। अभी तीन-चार दिनों तक ठंड स्थिर रहने अथवा थोड़ी कम होने की संभावना है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा एक नियत अवधि के बाद अपनी दिशा का बदलाव करती है। उत्तर से आने वाली शुष्क हवा ठंड लेकर आती है, मगर पूर्वी होने पर कम ठंडी हो जाती है। अभी इसी तरह की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण तापमान में गिरावट का दौर थम गया है और उसमें आधे से एक डिग्री की बढ़ोतरी होने लगी है। पिछले चौबीस घंटे में सीमावर्ती इलाकों को छोड़कर अन्य हिस्सों में शीतलहर का प्रभाव नहीं रहा। अंबिकापुर का तापमान 6 डिग्री दर्ज किया ▶▶|शेष पेज 20 पर

- 18 दिसंबर के बाद ही शुरू होगा गिरावट का दौर









# जिन इंजीनियरिंग छात्रों ने छोड़ दी सीट, उनके पैसे लौटाएगा तकनीकी विवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा उन छात्रों की फीस लौटाई जाएगी, जिन्होंने शुरुआती चरण में प्रवेश तो ले लिया, लेकिन बाद में अपनी सीट छोड़ दी। इन छात्रों को फीस रिफंड के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद ही राशि उनके खाते में डाली जाएगी। सीएसवीटीयू ने इसके लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया है। गूगल फॉर्म का लिंक भी विवि ने अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी विवि ने जारी किए हैं। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन के दिशा-निर्देशों के आधार पर फीस वापसी संबंधित यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस नियम का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर एआईसीटीई जुर्माना लगा सकता है। उदाहरण के लिए अगर छात्र का पैसा वापस नहीं किया गया तो संस्थान ने जितनी फीस जमा कराई गई है, उसका दोगुना जुर्माना लगेगा और कोर्स या प्रोग्राम के लिए दी गई मंजूरी भी निरस्त की जा सकती है।

## भरना होगा गूगल फॉर्म

### ले सकते हैं हॉस्टल रेंट


एआईसीटीई ने से देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों को निर्देशित किया है कि यदि कोई छात्र कोर्स के बीच में पढ़ाई छोड़ देता है तो छात्र से जमा कराई गई फीस उसे लौटानी होगी। इतना ही नहीं अगर छात्र दाखिला लेने के तुरंत बाद किसी और संस्थान में जाता है तो भी उसकी समस्त मदों में ली गई फीस लौटानी होगी। नियमों के अनुसार, अगर कोई छात्र पढ़ाई बीच में छोड़ता है तो संस्थान छात्र से प्रोसेसिंग फीस के तौर पर 1000 रुपए सहित उचित मासिक शुल्क एवं हॉस्टल रेंट वसूल सकता है लेकिन ट्यूशन फीस लौटानी होगी। एआईसीटीई की ओर से जारी इस नियम में लिखा गया है कि अगर कोई छात्र कोर्स शुरू होने से पहले अपना नाम वापस ले लेता है तो उससे जमा कराई गई फीस में से 1000 रुपए प्रोसेसिंग फीस का काटकर बाकी पैसे छात्र को लौटा दिए जाएं।

### 7 दिनों के भीतर देना होगा माइग्रेशन सर्टिफिकेट



एआईसीटीई ने संस्थानों को यह भी निर्देश दिया है कि छात्रों का माइग्रेशन सर्टिफिकेट पत्र न रोका जाए। विभिन्न राज्यों के छात्रों और अभिभावकों ने इस संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्रालय से शिकायत की थी। इसके बाद इसे लेकर निर्देशित किया गया था। एआईसीटीई ने कहा है, अगर खाली सीट भरती नहीं है तो संस्थान को सिक्योरिटी डिपॉजिट लौटाना होगा। साल के किसी भी समय अपना नाम कटवाने वाले छात्रों से पूरे साल की फीस लेने का संस्थान को अधिकार नहीं है। छात्र को 7 दिनों के अंदर फीस सहित सर्टिफिकेट लौटाने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# रामकृष्ण मिशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए करोड़ों किए खर्च



रायपुर। बेलूड़ मठ में रविवार को रामकृष्ण मिशन की 116वीं वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया गया, जिसमें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन के महासचिव स्वामी सुवीरानंद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यों के विषय में रामकृष्ण मिशन की संचालन समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि पहले पुरस्कार एवं सम्मान है, जिसमें रामकृष्ण मिशन के डीम्ड विश्वविद्यालय को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए प्रमुख कार्यक्रम 'प्राकृतिक कृषि पर राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत 'प्राकृतिक कृषि केंद्र' स्थापित किए जाने पर चार अन्य संस्थानों के साथ चयनित किया गया तथा राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। इसी प्रकार नवीन केंद्र आरंभ किए गए और भारत में गतिविधियों में रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ ने अपने 244 केन्द्रों एवं उप केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के लिए 1670.76 करोड़ रुपए खर्च किए। इस सभा में कई मुद्दों चर्चा की है।




## निधन

### हाजी शेख अरमान



रायपुर। छोटापारा निवासी हाजी शेख अरमान (अरमान टेलर) का 15 दिसंबर को निधन हो गया है। उन्हें 16 दिसंबर को बाद बाद नमाज जोहर बैरन बाजार कब्रिस्तान में सुपुर्द-खाक किया जाएगा।

### विमल ख्रीस्टियान



रायपुर। कोटा निवासी पास्ट्रेट कमेटी के पूर्व मेंबर विमल ख्रीस्टियान (86) का 14 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया गया। वे नितिन ख्रीस्टियान, सुष्मिता ख्रीस्टियान के पिता एवं रंजना ख्रीस्टियान के ससुर थे।

### मिकाइल दास



रायपुर। तेलीबांधा निवासी मिकाइल दास का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 दिबंसर को सुबह 10.30 बजे सेंट पॉल्स प्रभु की वाटिका अरविंद नगर टिकरापारा में किया जाएगा। वे कंचन दास के पति, जयेश व मयंक दास के पिता और किरण सिंग एवं आगस्टीन दास के छोटे भाई थे।

### प्रकाश गंगवानी



रायपुर। गायत्री नगर निवासी प्रकाश गंगवानी (75) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 दिसंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जय, विनोद, अजय गंगवानी के पिता थे।

### दशरथ दास



रायपुर। कमल विहार सेक्टर-5 निवासी दशरथ दास का निधन हो गया। मंगलवार को सुबह 11 बजे महादेव घाट मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार वैदिक रीति से संपन्न होगा। वे डॉ. जागेश्वर वैष्णव, डॉ. अश्वनी वैष्णव के पिता थे।

# देश के कई राज्यों में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, छह अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ऑपरेशन साइबर शील्ड अंतर्गत रायपुर पुलिस ने की कार्रवाई

छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग-अलग राज्यों में शेयर ट्रेडिंग एवं ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय 6 आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के विरुद्ध राजधानी रायपुर के पंडरी, तेलीबांधा, आमानाका, उरला एवं खम्हारडीह थाना में ठगी के प्रकरण दर्ज हैं। इन सभी आरोपियों ने रायपुर में रहने वाले कई लोगों को मुनाफा दिलाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए की ठगी की थी। पुलिस इन प्रकरणों में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत लगातार इन प्रकरणों में जांच कर आरोपियों को तलाश कर रही थी। इस जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता भी मिली है और मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से आधा दर्जन अंतर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया।

*गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध देश के अलग-अलग 115 थाना-साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज :* इसका खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शेयर ट्रेडिंग में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जयंत अहिरवार 23 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी सीहोर मध्यप्रदेश, सुहैल अहमद 31 वर्ष निवासी पन्ना मध्यप्रदेश, विपुल पाटने 28 वर्ष निवासी बांद्रा मुंबई हाल पता नागपुर, पूनमचंद्र वर्मा 54 वर्ष निवासी जूनी इंदौर मध्यप्रदेश, कल्लू मंसूरी 46 वर्ष निवासी जूनी इंदौर तथा शोएब अख्तर 27 वर्ष निवासी छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश शामिल है। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध देश के अलग-अलग 115 थाना, साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज है।



### केस 1

प्रार्थी विरल कुमार पटेल के साथ 40 लाख की ठगी हुई थी, जिसकी रिपोर्ट खम्हारडीह थाना में दर्ज है। विरल को विपुल पाटने ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कराने के नाम पर ठगा था। पुलिस ने पाटने को नागपुर में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने यूनिक इंटरप्राइजेज नामक फर्जी कंपनी के माध्यम से बैंक अकाउंट खोलकर धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने छापा मारते हुए आरोपी के कब्जे से इस प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। बताया गया कि आरोपी को पूर्व में बांद्रा मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी के प्रयुक्त बैंक खाता में देश के विभिन्न 69 थाना-साइबर सेल में प्रकरण दर्ज हैं।

### केस 2

पंडरी थाना क्षेत्र के निवासी प्रार्थी अंचित कुमार सिन्हा के साथ शोएब अख्तर ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 30 लाख की ठगी की थी। शोएब अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एसएस फ्रूट नामक फर्जी कंपनी के माध्यम से बैंक अकाउंट खोलकर धोखाधड़ी करने का काम करता था। इस कार्रवाई में उसके कब्जे से पुलिस ने महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। इस आरोपी के विरुद्ध भी देश के विभिन्न शहरों में 16 थाना-साइबर सेल में प्रकरण दर्ज हैं।

### केस 3

आमनाका थाना अंतर्गत प्रार्थी राहुल कुमार से पूनम वर्मा एवं कल्लू मंसूरी ने 46 लाख रुपए की ठगी की है। पूनम भी एसएस फ्रूट नामक फर्जी कंपनी के माध्यम से लोगों से ठगी करता था। उसके इस काम में कल्लू मंसूरी सहित अन्य साथी भी शामिल हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध भी देश के 26 थाना, साइबर सेल में प्रकरण दर्ज हैं।

### केस 4

तेलीबांधा थाना अंतर्गत निवासी प्रार्थी केयूरी मजीथीया के साथ ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के बहाने 15 लाख की ठगी हुई थी। यह ठगी सुहैल अहमद ने की थी। विडियो फूटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध केरल में भी प्रकरण दर्ज है।






# ईओडब्ल्यू ने जयचंद कोशले के विरुद्ध एक हजार पन्नों का पेश किया चालान

## अवैध कोल वसूली केस में जेल में बंद है कोशले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित अवैध कोल वसूली मामले में जेल में बंद जयचंद कोशले के विरुद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) रायपुर में करीब एक हजार पन्नों का चालान पत्र पेश किया है। ईओडब्ल्यू ने जयचंद के विरुद्ध धारा 120बी, 420, 384, 467, 468, 471 एवं तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 7, 7ए एवं 12 के तहत यह चालान पेश किया है। पेश किए गए चालान में जयचंद पर आरोप लगाया गया है कि वह सौम्या चौरसिया के निर्देश पर अवैध कोल लेवी की वसूली की राशि को कलेक्ट करने तथा पहुंचाने का काम करता था।






### 7-8 करोड़ रुपए सौम्या के लिए रिसीव किए

चालान में ईओडब्ल्यू ने यह भी दावा किया है कि जयचंद सौम्या के निर्देश पर सूर्यकांत तिवारी के निवास स्थान एवं अन्य जगहों से रकम रिसीव करने के बाद मनीष उपाध्याय या सौम्या के बताये गये व्यक्ति को दिया करता था। इस तरह जयचंद ने अवैध कोल लेवी वसूली से लगभग 7 से 8 करोड़ रुपये सौम्या के लिये प्राप्त किए हैं।

### परिवार के सदस्यों के नाम ले रखी है संपत्ति

ईओडब्ल्यू ने चालान शीट में यह भी दावा किया है कि जयचंद ने भी इस अवैध कोल लेवी वसूली की रकम का बड़ा हिस्सा प्राप्त किया है। इस रकम से उसने अपने परिवार के सदस्यों के नाम से भी संपत्ति क्रय की है, जिसकी जांच की जा रही है।

### अवैध कोल लेवी वसूली में जयचंद की अहम भूमिका

ईओडब्ल्यू ने अपनी डायरी में जयचंद कोशले उर्फ जय की अवैध कोल लेवी वसूली में महत्वपूर्ण भूमिका होना बताया है। इस डायरी में आरोप लगाया है कि सौम्या चैरसिया के अधीनस्थ रहकर अवैध कोल लेवी वसूली से प्राप्त भारी-भरकम नकद राशि का वास्तविक रिसीवर एवं मध्यस्थ था। अवैध वसूली में जय के नाम से अंकित सभी एंट्रियां जय, सौम्या चौरसिया से संबंधित हैं। डायरी में उल्लेखित प्रविष्टियों के माध्यम से संचालित अवैध लेन-देन की पुष्टि हुई है। इस तरह जयचंद को इस अपराध की पूरी श्रृंखला में एक अनिवार्य कड़ी माना गया है, जिसने न केवल अवैध धनराशि को भौतिक रूप से प्राप्त किया, बल्कि उसे आगे सौम्या तक पहुंचाने का काम भी किया। इस प्रकार इस अवैध वसूली में अर्जित धन की रिसीविंग, कस्टडी और ट्रांसफर की प्रक्रिया में उसने सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अब तक 20 आरोपियों के खिलाफ चालान पेश

ईओडब्ल्यू ने जयचंद के पहले इस प्रकरण में जुलाई 2024 में 15 आरोपियों के खिलाफ जिसमें सौम्या, रानू साहू, समीर विश्नोई, शिवशंकर नाग, संदीप कुमार नायक, सूर्यकांत तिवारी, निखिल चंद्राकर, लक्ष्मीकांत तिवारी, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, पारेख कुर्रे, राहुल सिंह, रोशन कुमार सिंह एवं वीरेन्द्र जायसवाल के खिलाफ प्रथम चालान प्रस्तुत कर चुका है, वहीं अक्टूबर 2024 में 2 आरोपी मनीष उपाध्याय एवं रजनीकांत तिवारी एवं अक्टूबर 2025 में 2 आरोपी देवेंद्र डडसेना एवं नवनीत तिवारी के विरूद्ध पूरक चालान प्रस्तुत कर चुका है।

## विपश्यना ध्यान परिचय कार्यक्रम 21 को

रायपुर। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर 21 दिसंबर को प्रातः 10 से 12 बजे धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केंद्र रायपुर में भारत की समृद्ध विरासत विपश्यना ध्यान परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अंतर्गत संतों की वाणी एवं शास्त्रों के ज्ञान का व्यावहारिक प्रशिक्षण विपश्यना ध्यान के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी का समावेश किया गया है। साथ ही विपश्यना एवं प्राकृतिक चिकित्सा, पतंजलि योग के आलोक में विपश्यना ध्यान संबंधी तुलनात्मक अध्ययन का समावेश किया गया है। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ में स्थित चार विपश्यना ध्यान केंद्रों के केंद्र आचार्य सीताराम साहू करेंगे।


# टंडन का पुराना वीडियो वायरल, कपड़े फाड़कर पिटाई कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों डीएसपी कल्पना वर्मा पर कारोबारी दीपक टंडन द्वारा लगाया गया लव ट्रैप का मामला काफी चर्चा में है। इस मामले में टंडन ने डीएसपी पर ब्लैकमेलिंग, वसूली जैसे कई गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं दूसरी ओर इन आरोपों के बीच टंडन का एक पुराना वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग उसकी पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को लेकर जो खबरें आ रही हैं, उसमें बताया जा रहा है कि पैसों के लेनदेन को लेकर उसने कुछ लोगों से विवाद किया था, जिसे लेकर लोगों ने गुस्से में आकर उसके कपड़े फाड़कर जमकर पिटाई की थी।

**करीब दो साल पुराना बताया जा रहा वीडियो**

सोशल मीडिया में होटल वेलकम श्री का तेजी से वायरल हो रहा वीडियो को लेकर बताया जा रहा है कि यह करीब दो साल पुराना है। इस घटना के पीछे का कारण बकाया रकम को नहीं चुकाना बताया जा रहा है। इसी बात को लेकर कुछ लोगों का टंडन के साथ विवाद हुआ था। इस विवाद के बढ़ते ही लोगों ने उसके कपड़े फाड़ते हुए पिटाई की थी। उल्लेखनीय है कि डीएसपी कल्पना वर्मा ने कारोबारी टंडन के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों को लेकर कोरबा कोर्ट ने सुनवाई करते हुए टंडन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। इसके अलावा सक्ती जिले के एक व्यापारी ने भी टंडन पर 15 लाख रुपए की ठगी करने आरोप लगाया है, जिसकी सक्ती पुलिस जांच भी कर रही है।






## खबर संक्षेप

### टेकारी प्रीमियम लीग सीजन में रामनिकेतन टीम की जीत

**सिलयारी।** टेकारी प्रीमियम लीग सीजन 03 का भव्य आयोजन ग्राम पंचायत टेकारी में आयोजक श्रीमती लक्ष्मी खिलेन्द्र वर्मा के तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया । जिसमें आसपास के 12 गांव के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रविवार को फाइनल मुकाबला हर्ष इलेवन एवं रामनिकेतन टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हर्ष इलेवन ने 15 ओवर में 117 रन बनाए। जवाब में रामनिकेतन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर 3 गेंद में 120 रन बनाकर जीत हासिल की इस अवसर पर खिलेन्द्र वर्मा सभापति प्रतिनिधि जनपद पंचायत धरसींवा , उपसरपंच टेकारी हरीश कुमार धीवर ने विजेता खिलाड़ी को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 30 हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 15 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 8 हजार रुपए कि पुरस्कार रखे गए थे ।

### भानसोज स्कूल में नवनियुक्त प्राचार्या का आत्मीय स्वागत

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानसोज में नवनियुक्त प्राचार्या ईला सेंगर के पदभार ग्रहण करने पर शाला विकास समिति की ओर से आत्मीय स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शैक्षणिक विकास, अनुशासन एवं गुणवत्ता संवर्धन को लेकर सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।स्वागत अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेश साहू ने प्राचार्या को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में शाला विकास समिति सदैव साथ खड़ी रहेगी। इस अवसर पर जनपद सभापति अमर माण्डले, सरपंच जगमोहन बघेल, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक शर्मा, विधायक प्रतिनिधि चेतन टंडन, प्राथमिक शाला अध्यक्ष उमेश , कुणाल, हरिराम, अलीम , जयेश सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। नवनियुक्त प्राचार्या ईला सेंगर ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

### रंगमंच रिनोशन कार्य के लिए भूमि पूजन हुआ

**आरंग।** आरंग नगर पालिका के वार्ड क्र 13 के अटल बिहार कॉलोनी में रंगमंच रिनोशन कार्य हेतु भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका आरंग कर अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने अटल विहार कॉलोनी में सार्वजनिक रंगमंच में स्टील रेलिंग लगाने हेतु नारियल फोड़कर कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने भविष्य में कॉलोनी के विकास हेतु सदैव तत्पर होने की बात कही।

### डांस स्पर्धा में कलाकारों ने किया कमाल

**आरंग।** श्री राम भक्त परिवार नया रायपुर पलौद के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता 2025 का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में छग के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली कलाकारों ने भाग लेकर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओ में प्रथम स्थान प्रतिभा डांस ग्रुप जांजगीर-चापा रुपये 21111, द्वितीय स्वरागणी डांस रतनपुर 15111, तृतीय एस क्रॉस ग्रुप रायपुर 5111, एच बॉयज डांस ग्रुप रायपुर 3111, युगल नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओ में प्रथम स्थान त्रिवेणी संगम धमतरी 5111, द्वितीय चुरकी मुरकी महासमुंद 3111, तृतीय पवन–हिना रायपुर 2111, एकल नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओ में प्रथम भाविका यादव गनौद 3111, द्वितीय काव्य साय रायपुर 2111, तृतीय सूरज निषाद झलप 1111 रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजकों द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार राशि एवं सम्मान प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

# जोता मार्ग रेलवे ओवरब्रिज के विरोध में दिया धरना, कई पराविर होंगे बेघर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा**

तिल्दा-जोता मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू होने के पहले ही विरोध शुरू हो गया है. यदि यहाँ ओवरब्रिज का निर्माण हुआ तो रोड के किनारे बने 30 से 40 साल से बने घर उजड़ जाएंगे . इसी बात से भयभीत लोगों ने ओवर ब्रिज का विरोध करना शुरू कर दिया है।

दरअसल रेलवे विभागने सड़क किनारे बने घरों को हटा लिए जाने का नोटिस दिया गया है । लोगों को कहना है कि हमारे घरों को अतिक्रमण मानकर हटाए जाने बात खी जा रही है । जबकि यहाँ जिन लोगों का यहा घर बने है वे लोग नगर पालिका की टैक्स पटाते हैं. सभी के घरों में बिजली के मीटर लगे हुए है और वे लोग पिछले 30 40 सालों से संपत्ति कर और अन्य टैक्स भी पटाते आ रहे हैं, लेकिन घरों के मालिकों को बिना अन्य जगहों पर बसाए घरों तोड़कर ओवर ब्रिज अंडर ब्रिज बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि जब से ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज प्रस्तावित हुई है तब से वे लोग विरोध कर रहे हैं .रेलवे विभाग के अधिकारियों के पास जाकर सारी बातें बता चुके हैं । लेकिन बातों को दरकिनार कर घरों को तोड़ने की तैयारी की जा रही है।

इसी मुद्दे को लेकर सोमवार को वार्ड 18 के लोगों ने खूबचंद बघेल चौक पर धरना देकर प्रदर्शन किया. उसके बाद रैली की शक्ल में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौपा।

## प्रस्तावित ओवर ब्रिज के विरोध में मोहल्लावासियों ने दिया धरना, जनहित में अंडरपास का निर्माण जरूरी

### धरने में कांग्रेस नेता भी शामिल

धरना प्रदर्शन में कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी राज्यसभा सांसद छाया वर्मा भी शामिल हुई। शैलेश वर्मा ने कहां की रेल प्रशासन ने जिस जगह को ओवरब्रिज के लिए चुना है। यदि यहां इसका निर्माण किया गया तो आगे चलकर यातायात को लेकर गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ेगा। श्री त्रिवेदी ने कहा कि रेल प्रशासन को इन बातों पर विशेष ध्यान देकर प्रस्तावित ओवर ब्रिज को कैंसिल कर जनहित में अंडर ब्रिज का निर्माण करना उचित होगा ।



### परिवहन और रेल मंत्री से चर्चा की जाएगी

पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा भी वार्ड वासियों के धरना प्रदर्शन में शामिल हुई। उन्होंने वार्ड वासियों को भरोसा दिलाया कि उसे मुद्दे को लेकर हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ रेल मंत्री से मिलकर इस संदर्भ में चर्चा करेंगी। उन्होंने कहा कि तिल्दा नेवरा आसपास के गांव में तेजी से औद्योग लगाई जा रहे हैं, इससे आवागमन काफी बढ़ गया है .यदि इस रोड पर और ब्रिज बनाई जाएगी तो लोगों को आने-जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि हम विकास कार्यों का विरोध नहीं करते लेकिन जिस विकास को सुविधा दिए जाने की बात कहकर लोगों के घरों को तोड़ने के लिए विनाश करने की तैयारी की जा रही है।

## आस्था: भगवान खाटू श्याम को कंबल पहनाकर और श्रीराधा-कृष्ण को शाल किया समर्पित

# पौष महीने में नगर के मंदिरों में भगवान का ऊनी कंबल और शालों से मनोहारी श्रृंगार

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा नेवरा**

- ठंड में भक्तों की अनूठी आस्था, मंदिरों में हुई विशेष पूजा, श्रृंगार देखने दर्शक पहुंचे

तिल्दा नेवरा में ठंड बढ़ने पर मंदिरों में भगवान को ऊनी वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। खाटू श्याम मंदिर में भगवान को जबकि ऊनी कंबल पहनाकर पुजारी मंदिर का द्वार बंद करता है। नेवरा अगवाल पंचायती राधा-कृष्ण में मंदिर में राधा क्रष्ण को ऊनी वस्त्र और शाल पहनाई जा रही है। पुजारियों का कहना है कि भाव की पूजा के तहत भगवान को ठंड से बचाने के ये उपाय किए जाते हैं।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में भी दिखने लगा है। जिसके चलते पारा लगातार गिरता जा रहा है। इसका असर शहर के मंदिरों में भी रहा है. यहां भगवान को ठंड से बचाने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं. राधा कृष्ण, राम लक्ष्मण, सीता, भरत और हनुमान जी के साथ शत्रुघ्न को ऊनी वस्त्र पहनाए गए हैं,...तो कहीं शंकर जी को रजाई ओढ़ाई जा रही है। मंदिर केमें दर्शन करने आए लोगों ने बताया कि ठंड और शीतलहर शुरू हो गई है. इससे बचाव के लिए ऊनी वस्त्र पहनाए जा रहे हैं और इसी तरह भगवान को भी वस्त्र पहनाए जा रहे है हैं। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य को ठंड लगती है, तो भाव की पूजा के कारण भगवान को भी ठंड लगती होगी। इससे बचाव के लिए भगवान को शॉल, स्वेटर और गर्म कपड़े पहनाए जाते हैं और मौसम के हिसाब से भगवान को प्रसाद भी चढ़ाया जाता है।





**कार्तिक बैकुंठ चतुर्दशी से गरम कपड़े पहानाने की परंपरा :** स्टेशन चौक मा दुर्गा मंदिर के पुजारी ने बताया कि कार्तिक मास की बैकुंठ चतुर्दशी से बसंत पंचमी तक भगवान को ऊनी वस्त्र पहनाए जाते हैं, शहर में जितने भी मंदिर हैं वहां भगवान को गर्म वस्त्र पहनाए जाते हैं, क्योंकि भाव की पूजा होती है। जैसे हम गर्म कपड़े पहनाते हैं वैसे ही भगवान को भी ठंड लगती होगी यह मानकर हम उन्हें गर्म कपड़े पहनाते हैं. उन्होंने बताया कि जो संसार का पालनहार है उसे क्या परेशानी होगी, लेकिन भक्त होने के नाते और भाव की पूजा के कारण हम उन्हें गर्म कपड़े पहनाते हैं।

वहीं,नेवरा शाम मंदिर के पुजारी पुखराज शर्मा ने बताया गर्मी में भगवान को सूती वस्त्र पहनाए जाते हैं। इसी तरह सर्दी में भी उन्हें ऊनी वस्त्र पहनाए जाते हैं। चूंकि ठंड बढ़ रही है, इसलिए भगवान को ठंड से बचाने के लिए ऊनी वस्त्र पहनाए गए है उन्होंने यह भी बताया कि हम भक्तों की भावना है कि भगवान को भी भूख-प्यास लगती है और उन्हें भी वस्त्र की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि भगवान को भी गर्मी में और सर्दी में ठंड लगती है और जब ज्यादा ठंड लगती है तो कंबल से लेकर ब्लोअर तक की व्यवस्था की जाती है.उन्होंने आगे बताया कि बसंत पंचमी गर्म वस्त्र पहनाए जाते हैं।

### मेथी के लड्डु और गर्म तासीर के व्यंजनों का भोग

पंडित पुखराज शर्मा ने बताया कि गर्म कपड़ों के साथ मेथी के लड्डू के साथ गर्म तासीर के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि श्याम मंदिर में खाटू श्याम जी को प्रतिदिन फूलों से सजाया जाता है इसीलिए भगवान को हम कंबल तब ओढ़ते हैं जब मंदिर के द्वारा बंद किए जाते हैं, बाकी समय में उनके शरीर पर शॉल को रखा जाता है ताकि भगवान को ठंड न लगे। दुर्गा मंदिर स्टेशन चौक, झूलेलाल भगवान मंदिर में राम सीता. राधा कृष्ण मंदिर नेवरा बनियापारा राधा कृष्ण मंदिर में भी भगवान को ठंड से बचने का जतन किए जा रहे है।

# सतनामी समाज का युवक- युवती परिचय सम्मेलन 28 को रायपुर में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद**

- परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होने अग्रिम पंजीयन जारी
- विधवा–विधुर, परित्यक्त, तलाकशुदा भी सम्मिलित होंगे

सतनामी उत्थान एवं जाग्रति समिति रायपुर छत्तीसगढ़ का 25वा वर्ष (रजत जयंती) के अवसर पर सतनामी युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 28 दिसंबर दिन रविवार को खालसा स्कूल कचहरी चौक रायपुर में रखा गया है। इस वर्ष नव युवक युवती परिचय सम्मेलन के साथ विधवा विधुर परित्यक्त तलाकशुदा भी परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होकर अपने परिचय देंगे

जिसके तैयारी को लेकर जागृति उत्थान समिति द्वारा प्रदेश भर में फैली हुई अपनी समिति के पदाधिकारी को परिचय सम्मेलन के प्रचार प्रसार के लिए जिम्मेदारी सौंपा गया । जहां गांव गांव में पहुंच कर भंडारी सढीदार और समाज के प्रमुखों को परिचय सम्मेलन के महत्व के बारे में बताया कि आज भागम भागम के दौर में परिचय सम्मेलन के माध्यम से एक मंच पर समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों को एकत्रित कर अपना परिचय देने और परिवार के साथ अपने योग्य जीवन साथी के लिए बात रखने का अवसर उपलब्ध करते है। जिससे हमें शादी के लिए युवक युवती के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता। वही परिचय हमें आज सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले फ्रॉड से भी बचाता है। जहां आज सोशल मीडिया के माध्यम से कई समाज के युवक युवतियों को भ्रामक प्रलोभन दिखा कर भ्रमित किया जा रहा है। जिसके चलते कई परिवार ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहे हैं।

समिति अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे ने बताया कि परिचय सम्मेलन का रजत जयंती वर्ष को याद गार बनाने के तथा परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले परिवारों को सुविधा मुहैया कराने के लिए अभी से अग्रिम पंजीयन की व्यवस्था किया गया है। जो प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के कार्यालय न्यू राजेन्द्र रायपुर गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में श्रीकृष्ण कुमार कोशले जिसका मो नंबर 9907971178 ,9926545355 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# अभिव्यक्ति कौशल को निखारने किया कविता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन



14-12 arang news 009

आरंग। सुरक्षित शनिवार के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल निखारने गीत, कविता, भाषण, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए गीत, कविता, भाषण, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इस मौके पर गीत-कविता के साथ-साथ बच्चों ने नाचा विधा से संबंधित नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति दी, जो बच्चों के लिए बड़ा ही आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर और उपसरपंच रवि बंजारे पहुँचकर बच्चों का उत्साह देख काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को अवसर मिलता है। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे अन्य विधाओं से भी अवगत होते हैं। वहीं शिक्षकों का कहना है कि बच्चों में झिझक दूर करने का अभिव्यक्ति कौशल एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। वहीं वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र पटेल ने भी छत्तीसगढ़ी गीत गाकर बच्चों को गीत, कविता, भाषण प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख के.के. परमाल, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चन्द्राकर, डीलेश्वर साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

# बेजा कब्जा हटाने के नाम पर टाइमपास, कलेक्टर को ज्ञापन

**आरंग।** मंदिर हसौद तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोढ़ी में कृषि सहकारी समिति के विस्तार के लिये प्रस्तावित भूमि के कुछ हिस्से में 4 व्यक्तियों द्वारा किये गये अवैध कब्जे को को हटवाने के नाम पर महज आश्वासन व नोटिस - नोटिस का खेल चल रहा है, यहां तक की बीते 2 सितंबर को जिलाधीश जनदर्शन में किये गये शिकायत भी अब तक असरहीन साबित हुआ है। जिलाधीश गौरव सिंह से मुलाकात कर समिति के प्राधिकृत अधिकारी दिलीप बैस व गोढ़ी के उपसरपंच राजेश वर्मा ने ज्ञापन सौंप तत्काल अवैध कब्जे को हटवाने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंप जिलाधीश को जानकारी दी गयी कि गोढ़ी के बाहर के निवासी 4 व्यक्तियों द्वारा प्रस्तावित भूमि के कुछ हिस्से में अवैध कब्जा कर लिया गया है जिसे पंचायत व समिति के आग्रह के बाद भी नहीं हटाया गया। इस पर इसे हटवाने तहसीलदार को बीते 25 जनवरी को ज्ञापन सौंपा गया। इनके खिलाफ तहसील में बेजा कब्जा का मामला दर्ज करने के बाद भी अब तक अवैध कब्जे न हटने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि तहसीलदार से लगातार संपर्क के बाद भी महज आश्वासन मिल रहा है व इन बेजा कब्जाधारियों को सिर्फ नोटिस पर नोटिस ही दिया जा रहा है। धान खरीदी शुरू होने के पहले ही बेजा कब्जा हटवा देने का तहसीलदार का आश्वासन धान खरीदी शुरू होने के एक माह बाद भी पूरा नहीं होने की जानकारी देते हुये अवैध कब्जे को तत्काल हटवाने का आग्रह किया गया है ताकि समिति धान खरीदी केंद्र का विस्तार कर सके।

# अमसेना के नवनियुक्त प्राचार्य का शिक्षकों का किया सम्मान



**आरंग।** राज्य शासन द्वारा व्याख्याता/व्याख्याता (एलबी) एवं प्रधान पाठक (पूर्व मा. शाला) को प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति पश्चात गुरु घासीदास जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमसेना में नव नियुक्त प्राचार्य डॉ. दिलीप झा ने कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि इसके पूर्व वे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय त्रिमूर्ति नगर रायपुर में पदस्थ थे। डॉ. झा के कार्यभार ग्रहण करने पर संस्था के सभी कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा भोजराम मनहरे के नेतृत्व में गुलाल लगाकर, पुष्पहार तथा शॉल, श्रीफल एवं डायरी भेंटकर आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दिलीप झा ने संस्था के सभी कर्मचारियों का अभिनंदन स्वीकार करते हुए कहा कि विद्यालयीन जीवन का मुख्य आधार शिक्षक तथा शिक्षार्थी होते हैं। दोनों एक-दूसरे की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जैसे साइकिल के आगे-पीछे के दोनों पहिए बराबर और सही ढंग से कार्य करें तभी यात्रा पूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षक का सबसे बड़ा सहयोगी बताया, वहीं विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि शिक्षकों के प्रति आपका विचार एवं व्यवहार ही सामने परिलक्षित होता है, उसी आधार पर आपके व्यक्तित्व का मूल्यांकन होता है। अंत में उन्होंने दुरांचल क्षेत्र में छात्र-छात्राओं की अधिक उपस्थिति की प्रशंसा करते हुए हर तरक्की एवं सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने तथा हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अंत में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश तिवारी ने शाला परिवार की ओर से डॉ. दिलीप झा का विद्यालय में चयनित होकर कार्यभार ग्रहण करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य नरसिंह बंजारे, दिनेश तिवारी, भोजराम मनहरे, अमरदास जांगड़े, बराती लाल मंगेशकर, जितेंद्र चंद्राकर, मेहर सिंह रावते, तेजेंद्र कुमार यदु, विशाल कुमार रायचूरा, दीपा दुबे, कंचन ठाकुर, नंदकुमार ध्रुव, द्वारिका प्रसाद कुर्रे, रूपेंद्र नेताम, हरिश्चंद्र यादव, सूरज कुमार ढीढी, जितेंद्र डहरिया, रामकुमार साहू के अलावा छात्र-छात्राएँ उपस्थित थीं।

## देश स्तर पर पहचान दिलाने हेतु की जा रही योजनाओं की जानकारी दी

# राष्ट्रीय और राज्य स्पर्धाओं के 30 विजेताओं का हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग**



आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा समोदा में संचालित समोदा मार्शल आर्ट्स क्लब के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर लौटे 30 खिलाड़ियों का सम्मान समारोह साहू समाज भवन, समोदा में आयोजित किया गया। मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मानसी कुर्रे, रेणुका साहू, गंगा साहू, जमुना साहू, तारिणी साहू, जान्हवी यादव, हिना साहू, गीतांजलि साहू, मोनिका साहू, भूमिका मानिकपुरी, मोकेश्वरी साहू, भूमिका विश्वकर्मा, गुलशन ध्रुव, सरस्वती टंडन, सरिता साहू, मोनिका सगरवंशी, शशांक साहू, नीलम साहू ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किए। वहीं अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय क्वान की डो चैंपियनशिप में गीतिका साहू, जागृति साहू, कुमकुम यादव, रोशनी साहू, खुशी साहू, अपर्णा साहू, किरण साहू, यज्ञश्री सिन्हा, नेहा जांगड़े, अंजली साहू, मंजूषा साहू, पूनम बंजारे एवं गीतांजलि साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आरंग जनपद सदस्य संजय चेलक, समोदा नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंगेश्वर देवांगन, पार्षद देवेंद्र कुमार साहू, अमर निषाद, वैशालनी साहू, शेषनारायण, आत्मानंद स्कूल जनभागीदारी अध्यक्ष पुराणिक ध्रुववंशी, चपरिद सरपंच सुधरा साहू, पंचगण दीनदयाल राम साहू, मनीषा विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच इल्दा मेहतरू राम, पूर्व सरपंच मनहरण लाल साहू, पूर्व पंच शत्रुघ्न लाल साहू तथा साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष चिंताराम साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों को पुष्पमाला व साल पहनाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। आरंग युवा एवं खेल संगठन के अध्यक्ष अमन साहू ने समोदा में संचालित खेल गतिविधियों एवं नगर को खेल के क्षेत्र में प्रदेश व देश स्तर पर पहचान दिलाने हेतु की जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा सुव्यवस्थित खेल मैदान के निर्माण की मांग रखी। अतिथियों ने खेल गतिविधियों में हरसंभव सहयोग एवं शीघ्र खेल मैदान निर्माण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आरंग युवा एवं खेल संगठन के अध्यक्ष अमन साहू, सदस्य अजय साहू तथा समोदा मार्शल आर्ट्स क्लब से रानी सगरवंशी, नीलम साहू, सरस्वती टंडन, विमल गिधौरे, मुकेश्वरी साहू, गुलशन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# सशिमं की 91 आचार्य और दीदियों को मिला प्रशिक्षण

**आरंग।** रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर, मंदिरहसौद में आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में रायपुर संभाग के विभिन्न शिशु मंदिरों से कुल 91 आचार्य एवं दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ जिला ग्राम भारती रायपुर के सचिव सुरेन्द्र नशीने, मंदिरहसौद विद्यालय समिति के सदस्य भागी गहने, रीवा संकुल के संकुल प्रमुख रामानंद धीवर एवं प्रधानाचार्य टीकाराम धीवर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई। कार्यक्रम के दौरान सचिव सुरेन्द्र नशीने ने सभी प्रतिभागी आचार्य-दीदियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं शिक्षण क्षमता पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक का व्यक्तित्व ही विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण की नींव होता है। प्रशिक्षण सत्रों में विशेष रूप से संस्कृत एवं गणित विषयों के प्रभावी शिक्षण तरीकों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही प्रारम्भिक शिक्षा की मजबूत आधारशिला मानी जाने वाली शिशु वाटिका के सुचारु एवं प्रभावी संचालन को लेकर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।





भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित डॉ. अरुण कुमार सेन स्मृति संगीत समारोह का दूसरा दिन सोमवार को रंग मंदिर प्रेक्षागृह गांधी चौक में अत्यंत उल्लास, उत्साह एवं कलात्मक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कमला देवी संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। तरेंद्र प्रसाद सेन के निर्देशन में प्रस्तुत देशभक्ति समूहगान ने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया। छात्राओं ने देशप्रेम से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत प्यारा वतन, जान से प्यारा वतन, इसको नमन.... गीत ने राष्ट्रीय चेतना का संचार किया।

# कथक नृत्य में ठुमरी की भावपूर्ण प्रस्तुति, समूह गायन में देशभक्ति गीत और लोककला की अद्भुत छटा ने मोहा मन

## डॉ. अरुण कुमार सेन स्मृति संगीत समारोह के दूसरे दिन भी उल्लासपूर्ण माहौल



**रायपुर।** पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत ने लोक-संस्कृति की अनुपम झलक से दर्शकों का मन मोहा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में युवा कथक नृत्यांगना इशिका गिरी ने रायगढ़ घराने की परंपरागत शैली में कथक नृत्य प्रस्तुत किया। इशिका ने ताल त्रिताल में आमद, तोड़े, टुकड़े, परन गतभाव एवं भाव पक्ष में महाराजा चक्रधर की ठुमरी की प्रस्तुति से पूरे रंग मंदिर के वातावरण को शास्त्रीय नृत्य संगीत से सराबोर कर दिया। संगीत समारोह में बड़ी सख्या में कलाप्रेमी और कलाकारों की उपस्थिति रही। संगीत कला महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित संगीत के अध्यापक शामिल हुए। दर्शकों ने कलाकारों की विविध कला विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की खूब सराहना की। समारोह में मंच संचालन आकांक्षा दुबे ने किया। इस दो दिवसीय स्मृति समारोह में भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति के सदस्य, कमला देवी संगीत महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी, कलाकार एवं बड़ी संख्या में संगीत-प्रेमी श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने शास्त्रीय, लोक एवं सृजनात्मक कलाओं के सुंदर समन्वय के साथ डॉ. अरुण कुमार सेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।





### पंडवानी में द्रौपदी जन्म प्रसंग ने किया मंत्रमुग्ध

समारोह में द्वैपायन पंडवानी मंडली बालोद की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। पंडवानी गायक दुष्यंत द्विवेदी ने जब बोलो वृंदावन बिहारी लाल की जय...के साथ पंडवानी में द्रौपदी जन्म के महाभारत के प्रसंग की भावपूर्ण प्रस्तुति से समां बांधा। महाभारत के कल्पनात्मक प्रसंगों पर आधारित पंडवानी प्रस्तुति को सुनकर दर्शक आनंदित होते रहे। पंडवानी गायक ने ओजपूर्ण गायन एवं भावाभिनय से श्रोताओं को कथा से जोड़े रखा और वातावरण को पूरी तरह संगीतमय बना दिया।

### पंथी के थाप पर झूमे दर्शक



महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों के पश्चात छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा को मंच पर साकार किया गया। दिनेश जांगड़े के निर्देशन में आकार पंथी लोकनृत्य दल ने ऊर्जावान एवं जोशीले अंदाज में छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। दमदार ताल, गीत और सामूहिक नृत्य ने सभागार को लोकरंगों से सराबोर कर दिया। पंथी नर्तक दल ने पिरामिड बनाकर हवा में मांदर बजाकर दर्शकों को अचंभित कर दिया।

### कलाकारों का हुआ सम्मान

संगीत समारोह में प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी कलाकारों का आयोजक समिति द्वारा सम्मान किया गया। कलाकारों ने कला प्रतिभा को निखारने के लिए मंच देने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। वहीं आयोजन समिति ने दर्शकों व अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने संगीत समारोह में अपनी उपस्थित दर्ज कराकर कलाकारों और आयोजन समिति का हौसला बढ़ाया है।

---

**समाज इवेंट**

## बाल विवाह के दंश से बचाने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाने पर जोर



**रायपुर।** समाज को बाल विवाह के दंश से बचाने के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन शहर के एक निजी होटल में किया गया। बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने और समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर की अगवाई में एक दिवसीय आयोजन किया गया। इसमें बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी यशपाल, समाजसेवी पल्लवी मिश्रा शामिल हुईं। पहले सत्र का संचालन डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर की अध्यक्षता में विषय विशेषज्ञ शशांक शर्मा द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की भूमिका बताई गई। बाल विवाह के दूरगामी परिणाम, कानूनी प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों पर चर्चा की गई।

### कुप्रथा खत्म करने लिया संकल्प

बच्चों में कम उम्र में गर्भावस्था में होने से बढ़ने वाली समस्याओं के जानकारी दी गई। आगे बताया कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर ही नहीं, कुपोषण चक्र के संबंध में भी विशेषज्ञों ने जानकारी दी। कार्यशाला में प्रतिभागियों को जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी यशपाल ने बताया कि बाल विवाह रोकने का संकल्प हर किसी को लेना चाहिए। इस कुप्रथा के सब मिलकर ही खत्म कर सकते हैं। कार्यशाला के दौरान बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई गई। महिला सुपरवाइजर एवं परियोजना अधिकारी, पुलिस, विधिक सेवा से जुड़े अधिकारियों के साथ ही लीगल वॉलंटियर एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के कर्मचारी भी इस आयोजन का हिस्सा बने।

**सिटी लाइव**

## अंतर आयुर्वेदिक कॉलेज क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद कॉलेज में सोमवार को अंतर आयुर्वेद कॉलेज क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ की संचालक संतन देवी जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में किया गया। दो दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के दो शासकीय सहित तीन निजी आयुर्वेद कॉलेज के छात्र और छात्राएं भाग लेने वाले हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बीच इंटर कॉलेज क्रिकेट और वॉलीबॉल स्पर्धा की जाएगी। शुभारंभ समारोह में संचालक सुश्री जांगड़े ने कहा कि खेल के जरिए ही विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों पर विजय दिलाती है। संयुक्त संचालक डॉ. सुनील कुमार दास ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में भी शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और खेल को दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया गया है।

### युवाओं के उत्साह से दिनभर सजा क्रीड़ा उत्सव

समारोह का स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य डॉ. प्रवीण जोशी ने दिया। आयुर्वेद एवं होम्योपैथी कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ.संजय शुक्ला, छात्रसंघ प्रभारी डॉ. जीआर रात्रे, डॉ. एसआर इंचुलकर, डॉ.हरिन्द्र मोहन शुक्ला,डॉ. सरोज परहाते,डॉ. रुपेन्द्र चंद्राकर सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने इस अवसर को खास बनाया। इस कड़ी में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों के क्रिकेट क्वार्टर फाइनल मैच में शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर और बिलासपुर, छात्राओं के क्वार्टर फाइनल मैच में बिलासपुर की टीम जीती।

**धर्म लाइव**

## जनसेवा के लिए समर्पित दो एंबुलेंस का लोकार्पण



**रायपुर।** जनसेवा और समाजसेवा की भावना को मजबूत करते हुए जरूरतमंदों की त्वरित चिकित्सकीय सहायता देने दो एंबुलेंस का लोकार्पण सोमवार को किया गया। यह सेवा गुरु तेगबहादुर साहेब की 350वीं शहीदी शताब्दी एवं चार साहिबजादों की अद्वितीय शहादत को समर्पित करते हुए शुरू की गई, जो मानवता, धर्म और राष्ट्र रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का जीवंत प्रतीक है। लोकार्पण पर वरिष्ठ समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, हरचरण सिंह, त्रिलोचन सिंह काले, जसपाल सिंह साहनी सहित कई अतिथि, समाजसेवी इस अवसर के साक्षी बने।

### जरूरतमंदों को 24 घंटे एंबुलेंस सेवा

समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया ने कहा कि आज के समय में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बहुत जरूरी है। यह पहल समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। श्री छाबड़ा ने कहा कि गुरु तेगबहादुर साहेब एवं चार साहिबजादों का बलिदान मानवता, धर्म की स्वतंत्रता, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का संदेश देता है। उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए यह एंबुलेंस सेवा जरूरतमंदों के लिए समर्पित की गई है।

---

## रविवि में पूर्व क्षेत्र अंतर-विवि टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुरू



**रायपुर।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित पूर्व क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का उद्घाटन सोमवार को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता 15 से 19 दिसंबर तक आयोजित है। प्रतियोगिता में पूर्व क्षेत्र की विभिन्न विश्वविद्यालयों की 25 पुरुष टीमों एवं 18 महिला टीमों की सहभागिता है। प्रतियोगिता का आयोजन नॉक-आउट सह लीग प्रणाली के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रतियोगिता संरचना के अनुसार, पिछले संस्करण में सेमीफाइनल खेलने वाली चार टीमों को वरीयता प्रदान की गई है, जो सीधे सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी। शेष टीमों के लिए नॉक-आउट मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे चार टीमें लीग मुकाबलों के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिससे प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धात्मक गुणवत्ता बनी रहे।



### छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की प्रस्तुति

अतिथियों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रो. रीता वेणुगोपाल, क्रीड़ा निदेशक एवं आयोजन सचिव ने उद्घाटन वक्तव्य प्रस्तुत किया तथा प्रतियोगिता के उद्देश्यों एवं अंतर-विश्वविद्यालय खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात खिलाड़ियों द्वारा खेल भावना एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की शपथ ली गई। उद्घाटन समारोह को रिदमिक योग, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, सामूहिक प्रदर्शन तथा गतका जैसी आकर्षक सांस्कृतिक एवं शारीरिक प्रस्तुतियों ने विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल बतौर विशेष अतिथि शामिल हुए।

## परिचय सम्मेलन में दिव्यांगों को जीवनसाथी चुनने मिलेगा मंच

**रायपुर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत, मारवाड़ी युवा मंच, कान्यकुब्ज सभा के साथ शिक्षा मंडल और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम मिलकर 16वां आयोजन करने जा रहे हैं। निशुल्क राज्य स्तरीय दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन इस बार 21 दिसंबर को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में होगा। परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह आयोजन समिति के संयोजक वीरेंद्र पांडे, राजेश अग्रवाल, सह संयोजक घनश्याम पोद्दार और अनुराधा दुबे ने यह जानकारी दी। सुरेश मिश्रा, राजेश दीक्षित, डीएस कुशवाह और परिषद के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल, महामंत्री संतोष तिवारी ने बताया कि पंचम सामूहिक विवाह समारोह में 92 जोड़ों का विवाह हुआ था। पंकज अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन का उद्घाटन रविवार की सुबह 11 बजे होगा।

### इन अतिथियों की मौजूदगी में होगा सम्मेलन

*इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा एवं अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल, डॉ. विनोद पांडेय उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व थावे विद्यापीठ गोपालगंज के कुलपति डॉ. विनय पाठक करेंगे। इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवविवाहित दिव्यांग जोड़ों को 50000 से एक लाख रुपए तक विवाह प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। सम्मेलन में शामिल होने वाले दिव्यांग युवक-युवतियों को प्रमाणपत्रों की सत्य प्रतिलिपि ही जमा करने का प्रावधान किया गया है।*

---

**रायपुर मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में सर्व समाज ने सनातन धर्म संरक्षण के लिए किया महासम्मेलन**

**कार्नर न्यूज**

# सर्व समाज ने किया मंथन, सनातन को बचाने बच्चों को दें संस्कार, धर्म को फूहड़ता से बचाएं



**रायपुर।** वर्तमान दौर में जिस तरह से सनातन धर्मावलंबी अलग-अलग पंथ और टुकड़ों में बंटे हुए हैं, उनमें एकरूपता लाने की जरूरत है। सनातन को बचाने के लिए बच्चों को संस्कार देना जरूरी है। उनको मंदिरों और धर्मग्रंथों की महत्ता का बोध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुछ इसी तरह के संवादों से सोमवार को मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में श्री नीलकंठ सेवा समिति के संस्थापक नीलकंठ त्रिपाठी महाराज की पहल पर पहली बार आयोजित किए गए सर्व समाज सम्मेलन में भी अलग-अलग समाज प्रमुखों ने वैचारिक मंथन के दौरान अपनी बात रखते हुए सनातन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा और रास गरबा मैदान की महत्ता को समझने और उनमें फूहड़ गीत-संगीत पर दी जाने वाली प्रस्तुति को रोकने पर भी जोर दिया गया।



### ...ताकि उचित एवं संगठित निर्णय लिया जा सके

समाज में शांति, एकता और सांस्कृतिक गरिमा को सुरक्षित रखने के लिए सभी सामाजिक प्रमुखों, संगठनों एवं सभी समाज के संतों-महंतों को एक मंच पर लाने का यही उद्देश्य है। इस सभा के माध्यम से सामाजिक सौहार्द्र को सुदृढ़ करने, भविष्य में किसी भी प्रकार के असामाजिक कृत्य को रोकने, सनातन पर्व-त्योहारों को वैदिक एवं मर्यादित पद्धति से मनाने के साथ सामाजिक संगठनों एवं समाज प्रमुखों को एक मंच पर लाने का प्रयास है, ताकि उचित एवं संगठित निर्णय लिया जा सके। इससे पहले दोपहर 2 बजे से पंजीयन का सिलसिला शुरू हुआ। आने वाले धर्मप्रेमियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### सनातन को मजबूत करने का प्रयास जरूरी



मंचस्थ डॉ. महंत वेदप्रकाशाचार्य, संत देवकर साहेब, स्वामी शिवरूपानंद, दिलीप पाणीग्रही सहित संत-महंतों के साथ इस आयोजन में सैकड़ों की तादाद में धर्मप्रेमी महासम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए ऑडिटोरियम में जुटे। उन्होंने कहा यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि सर्व समाज को एकता के सूत्र में पिरोने की एक कड़ी है। एक-दूसरे को जोड़ने के लिए यह एक वैचारिक मंच है। सनातन को मजबूत करने से आगे की गतिविधियां उलझेगी नहीं, बल्कि सुलझेगी। हमें समाज प्रमुखों के सहयोग से आगे होने वाली हर पहल को सुचारू रूप से संभालने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह एक प्रयास है, इससे आगे बढ़ाने के लिए सर्व समाज को इससे जुड़ना और बच्चों को जोड़ना होगा।




# हाईटेक पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड

परसदा (तिल्दा) की ओर से

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

## हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...



सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

## हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

# खुशी हॉस्पिटल

24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं

आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

डॉ. भोजराज मोहनानी
(एम.बी.बी.एस., एम.एस.)
पेट रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन

डॉ. श्रीमती मुक्ता मोहनानी
(महिला रोग विशेषज्ञ)

पता- भैरवगढ़ धाम मार्ग, नेवरा

विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध

# महेन्द्रा स्पंज एवं पावर लिमिटेड यूनिट - 2

सरोरा (तिल्दा) की ओर से

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

## हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

# संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड

ग्राम-सरोरा की ओर से

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION



सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

## हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...


SSIPMT RAIPUR
Shri Shankaracharya Institute of Professional Management & Technology, Raipur
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION Computer Sc. & Engg
AICTE IDEALab
TOASTMASTERS INTERNATIONAL
ACCREDITED WITH GRADE A+ NAAC
4★★★★ INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL
इसरो isro iirs Nodal Center Online Courses
L&T EduTech
nirf-Innovation
National Institutional Ranking Framework for Innovation
Ministry of Education, Government of India
Ranking Band : 151-300
Civil Engineering
@ SSIPMT, Raipur
Make us Proud again
ADMINISTRATIVE BLOCK
SSIPMT Raipur Celebrates Excellence!
Our Civil Engineers
Shine in CG VYAPAM Sub Engineer Recruitment.
CG VYAPAM SUB ENGG. 2025 EXAM
SOMYA DIWAN B.Tech - 2014-18 RANK - 5
TARUN KUMAR SAHU B.Tech - 2016-20 RANK - 19
PARUL SINGH CHANDEL M.Tech - 2024-26 RANK- 55
VAISHNAVI KALE B.Tech - 2014-18 RANK - 69
BHAWESH KUMAR MAHISHWAR M.Tech - 2024-26 RANK - 75
AMBUJ GROVER B.Tech - 2012-16 RANK - 15
CG VYAPAM SUB ENGG. 2024 EXAM
AJEET JANGDE RANK 6
VAIBHAV BANJARE RANK 13
AJITA PANDEY RANK 25
MADHUR THAKUR RANK 72
PRATEEK PATERIYA RANK 1
TUSHIT PANDEY RANK 4
SAVITA KOSHLE RANK 52
2025 YOP BATCH
8.5 LPA
UTKARSH SHARMA
AKASH SEN
5.5 LPA
SHREYA SINGH
5.4 LPA
JAY VARSANI
4.5 LPA
ROSHAN PAL
DEVENDRA SAHU
DIBIN DINESAN
4.0 LPA
SANJIVANI JAIN
TANU SINGH
SHASHANK SAHU
DIVYANSHI SAHU
3.5 LPA
AMISH BAGDE
AYUSH SONI
BHUPATI GORAI
MEENAKSHI
**SSIPS & JSCN are on the same Raipur Campus
AFCONS
JSW
Johnson Controls
RAHEJA DEVELOPERS
SOBHA
AIS Asahi India Glass Ltd.
NCC NCC Limited
L&T Construction
HYUNDAI ENGINEERING & CONSTRUCTION
EVEREST
UltraTech CEMENT BUILDING PRODUCTS
SELEATION
SOLIDMIX
AARTI GROUP
DLF
NUVOCO
PIE INFOCOMM
SHAILY INFRA
MANORAMA INDUSTRIES LIMITED
And Many More..
SCAN HERE
+91 88784 44000 | +91 95222 19177 | +91 7713501600-02
Old Dhamtari Road, Mujgahan, Raipur (C.G.) PIN : 492015
info@ssipmt.com
www.ssipmt.edu.in

## खबर संक्षेप



### गंगा कुष्ठ बस्ती में कंबल वितरित, रात्रि भोज भी

**रायपुर।** सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा दो दिवसीय 13 से 14 दिसंबर तक लगातार पंडरी स्थित गंगा कुष्ठ बस्ती में पहुंचकर कंबल वितरित किए गए। साथ ही रात्रि भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्व. शिवप्रसाद यदु शिकुम की स्मृति और स्व. मुकेश थिटे की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा किया गया। साथ ही टीम वक्ता मंच द्वारा कुष्ठ बस्ती का निरीक्षण कर यहां के रहवासियों से मुलाकात की गई तथा इस परिसर की व्यवस्था, साफ सफाई, चिकित्सा, पेयजल, प्रकाश व अन्य आवश्यक मुद्दों के प्रबंध संबंधी जानकारी एकत्रित की गई। इस मौके पर भवन एवं सन्निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, डॉ. उदयभान चौहान, शुभम साहू, ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, डॉ. इंद्रदेव यदु, यशवंत यदु, प्रभात यदु, प्रशांत यदु, नारायण यदु, उत्तम देवहरे, रुनाली चक्रवर्ती, मो. हुसैन, हेमलाल पटेल सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय पेंशन दिवस पर कल सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राष्ट्रीय पेंशन दिवस के अवसर पर 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कर्मचारी भवन स्थित सभा कक्ष में 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल तथा विशेष अतिथि आरके त्रिवेदी सेवानिवृत्त विशेष आयुक्त (जीएसटी) होंगे।

# डूमरतराई इलेक्ट्रानिक मार्केट प्रोजेक्ट का रिवाइज प्रपोजल स्वीकृति के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर नगर निगम की तर्ज पर अब रायपुर में भी आय बढ़ाने और व्यय घटाने का इंतजाम रायपुर नगर निगम करने जा रहा है। इसके लिए नए साल में नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। यह बांड 2 प्रोजेक्ट के लिए होगा, जिसमें शंकरनगर क्षेत्र में 60 करोड़ रुपए के फाइनेंसियल हब प्रोजेक्ट को शासन ने पहले ही स्वीकृति दे रखी है। दूसरा प्रोजेक्ट डूमतराई के बहुमंजिला इलेक्ट्रानिक मार्केट प्रोजेक्ट का प्रस्तावित है। इसे रिवाइज कर निगम प्रशासन ने शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। एप्रवूल मिलते ही नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा।

रायपुर नगर निगम अपनी आय बढ़ाने अब म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। इसके लिए नगर निगम के 2 व्यावसायिक प्रोजेक्ट का चयन कर बांड जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसमें शंकर नगर में 60 करोड़ का फाइनेंसियल हब और डूमतराई में निगम की 2 एकड़ जमीन पर इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट का प्रोजेक्ट शामिल है। सूत्रों के मुताबिक व्यापार व्यवसाय की व्यापक संभावना और डूमतराई थोक मार्केट की नजदीकी को देखते हुए निगम इसे बांड के रूप में लाने की तैयारी में है। इसके लिए योजना शाखा ने डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट का रिवाइज प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया है। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलते ही नगर निगम जल्द 100 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड जारी करेगा।

### फैक्ट - निगम बांड

- नेशनल स्टाक एक्सचेंज से करानी होगी लिस्टिंग, रजिस्ट्रेशन होगा.
- रायपुर नगर निगम को डबल एए की मिली है रेटिंग.
- वित्तीय सुधार को लेकर अहम निर्णय.
- आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम, आय का अतिरिक्त स्त्रोत तैयार होगा.
- 8 से 9 फीसदी ब्याज दर संभावित.
- म्यूनिसिपल बांड बड़े वित्तीय संस्थान जैसे बैंकों, म्यूचल फंड कंपनियों द्वारा खरीदे जा सकेंगे, न कि आम जनता या निजी व्यक्ति द्वारा.



- शंकरनगर के फाइनेंसियल हब प्रोजेक्ट को पहले ही मिल चुकी है स्वीकृति
- जल्द जारी होगा नगर निगम का बांड

### राज्य शासन की गारंटी नहीं

विदित हो कि नगर निगम रायपुर को 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड जारी करने राज्य सरकार से अनुमति मिल चुकी है। 2 माह पूर्व यह अनुमति 4 शर्तों के साथ दी गई है। इसके मुताबिक म्यूनिसिपल बांड के लिए राज्य शासन कोई गारंटी नहीं देगा। बांड से जुड़ी सभी वित्तीय देनदारियां पूरी तरह रायपुर नगर निगम की होगी। साथ ही नगर निगम को सेबी के म्यूनिसिपल डेब्ट सिक्यूरिटी से संबंधित सभी नियामक प्रावधानों का पालन करना होगा।

### स्वीकृति का इंतजार, जल्द जारी होगा बांड

डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट निर्माण का रिवाइज प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। एप्रवूल मिलते ही 100 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड जारी होगा।

-**विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

## पंद्रहवें वित्त आयोग मद से कार्य, 1 करोड़ 84 लाख खर्च होंगे

# नालियां जाम होने की समस्या से मिलेगी राहत, कवर्ड करने एजेंसी को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के लोग नालियों में अपने घर, दुकान का कूड़ा और अन्य तरह का कचरा नहीं फेंक सकेंगे। इसके लिए रायपुर नगर निगम शहर के नालियों को कवर्ड कराने जुटा हुआ है। शंकरनगर, सिविल लाइन, कचहरी चौक, अंबेडकर अस्तपाल मार्ग में नालियों को कवर्ड करने का काम पूरा हो चुका है। इसी तरह विधानसभावार चिन्हांकित इलाकों में निगम से अनुबंधित एजेंसी ड्रेन कवर लगाने का कार्य कर रही है। पंद्रहवें वित्त आयोग मद से इस कार्य को कराया जा रहा है। इसमें 1 करोड़ 84 लाख रुपए खर्च होंगे। निगम के लोककर्म शाखा ने ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर के निखिल पंडया एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है।

इंदौर जैसे महानगरों की तर्ज पर अब रायपुर शहर भी आने वाले दिनों में साफ-सुथरा नजर आएगा। इसके लिए शहर के कुछ प्रमुख मार्गो की नालियों को कवर्ड करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के सीजन में नालियों में जाम कचरा ओवरफ्लो होकर गंदगी के साथ शहर की सड़कों पर न बहे।

### रायपुर की निखिल पंडया एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही ड्रेन कवर लगाने का काम

#### रायपुर दक्षिण विधानसभा

*कैलाशपुरी, टिकरापारा, मठपारा क्षेत्र अंतगर्त विपिन बिहारी सूर वार्ड के बजरंग सेलून, मस्जिद गली के पास, यादव भवन, शिवम चौक के पास। मुख्य मार्ग एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर। चंगोराभाठा क्षेत्र के मुख्य एवं आंतरिक नाले में ड्रेन कवर लगाने का कार्य।*



#### रायपुर पश्चिम

तात्यापारा क्षेत्र के मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर। इसके अलावा समता कालोनी क्षेत्र, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के समता कालोनी में पांडे नर्सिंग होम से खाटू श्याम मंदिर तक। लाइफवर्थ हास्पिटल के पास, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पास, प्रगति कालेज से मुख्य मार्ग तक। मोजसिया डाइग्नोस्टिक के पास, दशहरा मैदान के पास, जैन मंदिर गली के पास, मुख्य मार्ग एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।

**चौबे कालोनी क्षेत्र :** स्वामी आत्मानंद वार्ड, विवेकानंद गार्डन, गीता नगर के पास, कोमल फैशन ब्यूटिक के पास, गायत्री मंदिर के पास, चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास, छत्तीसगढ़ हास्पिटल के पास, जैन मंदिर करबला तालाब के पास आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।

#### पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के चयनित इलाके

माधवराव सप्रे वार्ड - रायपुरा चौक से महादेवघाट चौक तक श्रीराम ज्योतिष विज्ञान भवन के पास, ब्रेड फैक्ट्री लाइन के पास, वसुंधरा गार्डन के पास, मनसा हैंडलूम के पास, बचपन हास्पिटल के पास, जगन्नाथ हास्पिटल के पास, गोल चौक, विवेकानंद स्कूल के पास मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर लगाए जाने का कार्य।

**प्रमुख मार्ग :** कचहरी चौक से मेकाहारा हास्पीटल के पास महिला जेल, माता सुंदरी स्कूल तक। नमस्ते चौक से ग्लोबल चौक होते हुए देवेन्द्र नगर तक। देवेन्द्र नगर से फाफाडीह चौक तक मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।

#### उत्तर विधानसभा क्षेत्र

**सिविल लाइन क्षेत्र -** महिला थाना चौक के पास, शास्त्री चौक, आरटीआई आफिस के पास, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड आंबेडकर चौक के पास। सिरपुर भवन परिसर, पीडब्लूडी आफिस के पास, सर्किट हाउस से राजभवन में आईआईसी आई चिप्स आफिस के पास, भारतीय जीवन बीमा निगम आफिस के पास, मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर लगाए जाने का कार्य।

**शंकर नगर क्षेत्र-** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के अशोक नगर में शहीद वीर नारायण सिंह स्कूल के पास, भगतसिंह चौक से स्पीकर हाउस तक। शंकर नगर टर्निंग पाइंट से विधानसभा मार्ग में फ्लाई ओवर तक। मुख्य मार्ग एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जल विहार कालोनी से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए पंचशील नगर के दोनों तरफ तक। गांधी उद्यान से सीएम हाउस गेट तक मुख्य मार्ग एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।

# स्ट्रीट लाइट की रोशनी पेड़-पौधों पर, डूमरतराई की सड़क अंधेरे में डूबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- आरडीए के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, आसपास के रहवासी परेशान
- पौधे बन गए वृक्ष, एक अरसे से कटाई-छंटाई पर ध्यान नहीं

रायपुर विकास प्राधिकरण ने कौशिल्या माता विहार सहित आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा रखने डिवाइडर पर छायादार पौधों का रोपण कराया। इसके साथ ही मार्ग को दूधिया रोशनी से जगमग करने स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की है, पर पेड़-पौधों की कटाई, छंटाई पर ध्यान नहीं देने से डूमरतराई चौक से डूंडा चौक तक स्ट्रीट लाइट होने के बाद भी सड़क पर रोशनी नहीं पहुंच रही है। मार्ग पर अंधेरा छाया रहने से लोग परेशान हैं, जबकि स्ट्रीट लाइट की रोशनी पेड़ पौधों के झुरमट में गुम हो रही है। करीब 4 किलोमीटर के दायरे में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। अब स्थानीय रहवासी इसकी शिकायत प्राधिकरण कार्यालय जाकर करने की तैयारी में हैं।

डूमरतराई के कौशिल्या माता विहार से डूंडा चौक तक पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए डिवाइडर पर पौधों का रोपण रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कराया कारण लाइट की रोशनी सड़क मार्ग तक पहुंच नहीं रही, जबकि इस मार्ग का उपयोग डूमरतराई, कौशिल्या माता विहार के अलग-अलग सेक्टर में रहने वाले लोग और डूंडा के रहवासी करते हैं। रात के समय इस मार्ग में पेड़ों की झुरमुट के कारण पर्याप्त रोशनी सड़क पर नहीं पहुंच पा रही है। इससे अंधेरे में लोगों को आना-जाना पड़ रहा है। इसके बाद भी प्राधिकरण के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। प्रभावित रहवासियों का कहना है कि पेड़ पौधों की कटाई छंटाई यदि जल्द नहीं कराई गई, तो वे प्राधिकरण कार्यालय जाकर इसकी शिकायत करेंगे।

## पेज 15 के शेष ...

### धुंध ने बिगाड़ी विमानों ..

करती है। सोमवार को आठों विमान का शेड्यूल गड़बड़ाया रहा। कोहरे के कारण दिल्ली से सुबह के वक्त रवाना होने वाली कुछ फ्लाइट दृश्यता बढ़ने के बाद दोपहर वहां से टेकऑफ होकर रायपुर पहुंची। इसी तरह दोपहर और शाम को आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय के बजाए रात होने के बाद यहां आई। दिल्ली के अलावा कुछ अन्य शहरों के विमानों का संचालन भी विलंब से हुआ। कोहरे की वजह से विमानों का संचालन विलंब से होने की जानकारी यात्रियों को पूर्व में दी जा चुकी थी। जिन यात्रियों की सुबह की फ्लाइट थी और जिनके पास मैसेज नहीं पहुंचा, उन्हें अपनी यात्रा शुरू करने के लिए काफी देर तक स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर अपनी फ्लाइट का इंतजार करना पड़ा।

### मुंह मीठा कीजिए, पर ...

सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारिक सूत्रों का दावा है कि वैवाहिक कार्यक्रमों और नववर्ष के आगमन पर होने वाले आयोजनों की वजह से पनीर, खोवा, मावा और मिठाइयों की बिक्री बढ़ जाती है। ऐसे में इनके मिलावटी होने का संदेह होता है, जो लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। इसे ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने रायपुर जिले की विभिन्न डेयरी और मिठाई दुकान और पनीर बनाने वाले संस्थानों में सोमवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। जांच के दौरान बीरगांव के काशी एग्रो फूड से 1.15 लाख रुपए कीमती 500 किलो एनालॉग कॉटेज (पनीर), निमोरा के एसजे डेयरी से 10.23 लाख की 4450 किलो पैक्ड मिल्की मलाई फेस पनीर (एनालॉग) तथा प्रोफेसर कालोनी के मलसाय तालाब के समीप स्थित विवान फूड से 500 किलो खुला पनीर कीमती 1.50 लाख रुपए जब्त किया है। खाद्य विभाग की टीम ने इसके अलावा विभिन्न मिठाई दुकानों में जाकर भी जांच की और बोरियाखुर्द के मेसर्स गोपी डेयरी एंड स्वीट्स से 900 किलो कलाकंद एवं कृष्णा बर्फी बरामद की है, जिसकी कीमत 1.75 लाख रुपए आंकी गई है। इन मिठाइयों और पनीर के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए कालीबाड़ी स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है।

### कम हुई ठंड क्योंकि ...

गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम था। इसी तरह माना के तापमान में एक डिग्री की वृद्धि हुई और तापमान 10 डिग्री पहुंच गया। शहर में रवि-सोमवार की दरम्यानी रात 13.4 डिग्री सेल्सियस की ठंड रही।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 28.11.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जाहिदा कुरैशी पिता/पति मोहम्मद शकील कुरैशी निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1499/4, 1500/3 रकबा 0.008, 0.084 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 10.06.2025 के परिपालन में दिनांक 22.12.2025 को समय 03:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक ने किया

**रायपुर।** जय अग्निकुल क्षत्रिय तेलुगू समाज कल्याण समिति के शिवनगर सामुदायिक भवन का भूमिपूजन रविवार को विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया। इस मौके पर विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि यह भवन समाज की सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम को तेलुगू समाज के अध्यक्ष जी. दंडपानी (संतोष) ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पार्षद पुष्पा रोहित साहू एवं तेलुगू समाज के संरक्षक डॉ. टीके राव, के. अप्पा राव, एस. लता राव, टी. राजू राव, टी. कैलाश राव के अलावा डी. सुनील राव, टी. आनंद राव, पी. जसवंत राव और डी. हरीश मूर्ति, पी. कृष्णा राव, डी. नागेश राव, प्रभाकर राव, जीवन राव भी उपस्थित रहे।

# मुक्कड़ बने खाली प्लाटों की नगर निगम ने कराई सफाई, लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम सीमा क्षेत्र के खाली प्लाटों में कचरा फेंककर गंदगी फैलाने की शिकायत पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने संज्ञान लिया। मुक्कड़ बने प्लाट में जेसीबी मशीन और सफाई मित्रों को भेजकर स्थल से कचरा उठाकर सुरक्षित जगह परिवहन कराया गया।

निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने खाली प्लाट में कचरा फेंकने की शिकायत पर संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारी को स्थल निरीक्षण के लिए भेजकर आवश्यक सफाई कराने निर्देशित किया। समस्या की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए खाली प्लॉटों को चिन्हांकित कर नियमित निगरानी करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### राजेन्द्र नगर में शिकायत के बाद नाली सफाई

न्यू राजेन्द्र नगर के मेडिसाइन हॉस्पिटल के पीछे नाली की सफाई न होने की शिकायत जोन 10 में की गई। जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निगम के स्वास्थ्य अमले ने नाली की सफाई करवाई। गंदे पानी की निकासी नहीं होने से सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई थी, इससे लोग परेशान रहे। शिकायत के बाद जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने स्थल निरीक्षण कर सफाई मित्रों से नाली की सफाई करवाते हुए जन शिकायत का निराकरण किया।


# सफाई कार्य में लापरवाही, बीएसयूपी कचना के ठेकेदार का ठेका होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- समझाइश के बाद भी कार्य में सुधार नहीं
- निगम आयुक्त विश्वदीप ने सफाई ठेका निरस्त कर अमानत राशि राजसात करने दिए आदेश

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई में कोताही बरती जा रही है। निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी लगाने से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जबकि 15 सफाई कर्मचारी लगाकर सफाई कार्य का ठेका ठेकेदार वीणा सेन्द्रे को दिया गया। सफाई कार्य में कर्मचारी कम रखने और कार्य में कोताही बरतने जाने पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने संबंधित सफाई ठेकेदार का सफाई ठेका निरस्त कर अमानती राशि राजसात करने का आदेश जारी किया है। जोन 9 क्षेत्र के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई कार्य में लापरवाही का मामला सामने आया है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने अनुबंधित सफाई ठेकेदार को पहले नोटिस देकर समझाइश दी। इसके बाद भी सफाई कार्य में सुधार नहीं किया गया, जिससे नगर निगम रायपुर की छवि प्रभावित हुई है। आयुक्त के निर्देश पर नगरनिगम जोन 9 कमिश्नर द्वारा संबंधित सफाई ठेकेदार के कृत्य को ध्यान में रखते हुए एवं अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने पर सफाई निविदा निरस्त करने आदेश जारी कर दिया गया है।
















मा. सत्यनारायण शर्मा जी
पूर्व मंत्री छ.ग. एवं पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण
हरिभूमि
25TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
सत्य के सजग प्रहरी दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
25 वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
पंकज शर्मा
जनसेवक - रायपुर ग्रामीण विधानसभा
विनीत : समस्त कांग्रेस कार्यकर्तागण, रायपुर ग्रामीण विधानसभा

**खबर संक्षेप**

## शुकदेव जन्म की सुनाई कथा भक्तों ने लिया श्रवण लाभ

**रायपुर।** स्थानीय खाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत पुराण ज्ञानयज्ञ रविवार को शुरू हो गया। कथा 22 दिसंबर तक जारी रहेगी। इस अवसर पर कलश यात्रा भागवत कथा के कथावाचक गोपाल शरण देवाचार्य महाराज के नेतृत्व में निकाली गई। महाराज ने सोमवार को शुकदेवजी के जन्म की कथा सुनाई, जिसमें उन्होने बताया कि शुकदेवजी के जन्म की कथा बहुत दिव्य है, जिसमें भगवान शिव के अमरकथा सुनाने, एक तोते (शुक) द्वारा उसे सुनकर माता पार्वती की जगह गर्भ में प्रवेश करने, 12 वर्ष गर्भ में रहकर ज्ञान प्राप्त करने और फिर वेदव्यास के पुत्र के रूप में जन्म लेने का वर्णन है।

# 280 सीटों को भरने की फिर कवायद, इस बार छात्रों को नहीं मिलेगा विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शिक्षा महाविद्यालयों में रिक्त रह गईं बीएड सीटों को भरने फिर कवायद शुरू हो गई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने आदेश जारी कर नई तिथियां घोषित कर दी हैं। खास बात यह है कि छात्रों को इस बार विकल्प नहीं दिया जाएगा। अब तक की काउंसिलिंग में छात्र अपनी पसंद के महाविद्यालयों का जिक्र फॉर्म में करते थे। इस चरण में कोई भी विकल्प फार्म नहीं भरवाए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आबंटित होगा, उन्हें निर्धारित तिथि को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक महाविद्यालय में प्रवेश लेना आवश्यक होगा। जिन अभ्यर्थियों का आवेदन एक्टिव है, केवल उनके आवेदन पर विचार किया जाएगा।

एससीईआरटी के अनुसार, विभिन्न शिक्षा महाविद्यालयों में रिक्त सीटों के विरूद्ध यह अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया होगी। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में बीएड की 280 सीटें रिक्त हैं। डीलएड की भी कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। इनमें भी दाखिले की प्रक्रिया इन्हीं तिथियों में होगी। प्रदेश में बीएड की 14 हजार 400 तथा डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें हैं। बीएड की परीक्षाएं सामान्यतः मार्च-अप्रैल माह में आयोजित की जाती हैं। ऐसे में जो विद्यार्थी अंतिम चरण में प्रवेश लेंगे, उन्हें दाखिले के 90 दिन बाद ही परीक्षा दिलानी होगी।

**खास बातें**

- प्रदेश में खाली रह गई हैं बीएड की 280 सीटें, एससीईआरटी ने फिर जारी की नई तिथि
- प्रवेश के 90 दिन बाद ही छात्रों को दिलानी होगी परीक्षा




### ऐसा है शेड्यूल

- तीसरे चरण के विकल्पों के आधार पर सातवीं सूची - 17 दिसंबर
- महाविद्यालय में प्रवेश- 17 दिसंबर संध्या 5 बजे तक
- प्रवेश की आठवीं सूची- 19 दिसंबर
- महाविद्यालय में प्रवेश- 19 दिसंबर संध्या 5 बजे तक
- प्रवेश की नवमी सूची - 22 दिसंबर
- महाविद्यालय में प्रवेश- 22 दिसंबर संध्या 5 बजे तक

### नहीं लिया प्रवेश तो प्रक्रिया से बाहर

इस चरण के लिए जिन अभ्यर्थियों ने तीसरे चरणों में विकल्प फार्म जमा किया था तथा जिन्हें अब तक जारी हो चुकी 6 सूची में महाविद्यालय आबंटित नहीं हुआ है, उनके आवेदन पर विचार किया जाएगा। किसी भी महाविद्यालय में पूर्व में प्रवेश प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी का नाम आबंटन प्रक्रिया में नहीं आएगा। इसी प्रकार जिनका नाम पूर्व सूची में आया था, परन्तु उन्होंने प्रवेश नहीं लिया उनके आवेदन पर भी विचार नहीं किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों का नाम इस सूची में आएगा, उन्हें आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।

## शाला प्राचार्य तैयार करेंगे साहित्यकार बच्चों को बताएंगे पठन-पाठन के फायदे

**रायपुर।** जिले के निजी विद्यालयों के प्राचार्य अब छात्रों को साहित्यिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करेंगे। मोबाइल की लत छुड़वाकर उन्हें पठन-पाठन से जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त छात्रों में साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए विविध आयोजन भी होंगे। राजधानी में होने जा रहे साहित्य उत्सव को देखते हुए यह पहल की जा रही है। इस संदर्भ में जिला कलेक्टर द्वारा विशेष बैठक आयोजित की गई तथा प्राचार्यों को दिशा-निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर गौरव सिंह द्वारा ली गई बैठक में निजी विद्यालयों के प्राचार्य संग साहित्यकार भी शामिल हुए। बैठक में उन्होंने साहित्य उत्सव के स्वरूप, प्रस्तावित गतिविधियों के विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा, रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की तर्ज पर किया जाएगा, जिसमें बच्चों, युवाओं एवं शिक्षकों की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।






### नए साल में हड़ताल की चेतावनी भी

# दस साल पुरानी 11 सूत्रीय मांग नर्सिंग स्टाफ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



दस साल पुरानी 11 सूत्रीय मांगों को पूरा कराने के लिए नर्सिंग स्टाफ ने एक बार फिर विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाया है। सोमवार को आंबेडकर अस्पताल में नारेबाजी कर उन्होंने विभाग का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास किया। नर्सिंग एसोसिएशन का आरोप है कि उनकी मांगों को कैबिनेट में लाकर पूरा कराने डेढ़ साल पहले आश्वासन दिया गया था, जो अब तक अधूरा है। प्रदर्शन के दौरान चेतावनी दी गई है कि मांगों पर ठोस पहल नहीं किए जाने पर वे नए साल में हड़ताल जैसा कदम उठा सकती हैं।

- एसोसिएशन का आरोप- मसला कैबिनेट में लाने डेढ़ साल पूर्व आश्वासन, अब तक अधूरा

नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष डा. रीना राजपूत ने बताया कि वादे के बाद भी उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दिए जाने से एसोसिएशन के सदस्यों में नाराजगी है।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा विभिन्न चरणों में अलग-अलग तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। तीसरे चरण में सोमवार से बुधवार तक अस्पताल परिसर में सुबह 11 से 12 बजे तक 1 घंटे विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद चौथे चरण में 29, 30 और 31 दिसंबर को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी अगर बात नहीं बनी, तो नए साल में हड़ताल जैसा कदम उठाया जाएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि उनकी मांगों में ग्रेड पे अथवा गठित कमेटी की अनुशंसाओं के आधार पर संशोधन किए जाने, चिकित्सा महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती, उच्च कुशल श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन 14 हजार किए जाने साथ ही चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ को अध्ययन अवकाश दिए जाने, समयमान वेतनमान लागू करने, पदनाम, पदोन्नति सहित अन्य मांग शामिल है।






हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**